सांसदों ने डॉ. जी. एस. ढिल्लों को पुष्पांजलि अर्पित की

नई दिल्ली, 6 अगस्त, 2023: राज्यसभा के उपसभापति, श्री हरिवंश ने आज संसद भवन के केंद्रीय कक्ष में पूर्व लोकसभा अध्यक्ष डॉ. जी.एस. ढिल्लों को उनकी जयंती पर पुष्पांजलि अर्पित की।

संसद सदस्यों, पूर्व संसद सदस्यों, महासचिव, लोकसभा, श्री उत्पल कुमार सिंह और अन्य गणमान्य व्यक्तियों ने भी संसद भवन के केंद्रीय कक्ष में डॉ. जी.एस. ढिल्लों को पुष्पांजलि अर्पित की।

डॉ. ढिल्लों ने 8 अगस्त 1969 से 17 मार्च 1971 तक और 22 मार्च 1971 से 1 दिसंबर 1975 तक लोकसभा अध्यक्ष के रूप में कार्य किया। उन्होंने 1 दिसंबर 1975 को अध्यक्ष के पद से इस्तीफा दे दिया और केंद्रीय सरकार में पोत परिवहन और सड़क परिवहन मंत्री बने। वह 12 मई 1986 से 14 फरवरी 1988 तक कृषि मंत्री रहे।

अपने लंबे और प्रतिष्ठित सार्वजनिक जीवन में डॉ. ढिल्लों ने योजना आयोग के सदस्य और कनाडा में भारतीय उच्चायुक्त के रूप में भी देश की सेवा की।